9 कैसा–कितना, ऐसा–इतना

Adjective

कैसा ?

कैसे फूल–

नीले फूल, पीले
फूल, कुछ प्यारे,
कुछ सुंदर फूल।

कैसी तितली–



रंग-बिरंगी, प्यारी
तितली, इस
दुनिया में न्यारी
तितली।

कैसा तोता–

हरा तोता,
नहीं किसी से
डरा तोता।

कैसा सेब–

लाल सेब
मीठा सेब

कितना ?

कितने केले–



केले चार,
खाओ इनको
बारंबार।

कितनी मछलियाँ–



मछलियाँ तीन
इनको हम कहते
हैं मीन।

कितना पानी–

थोड़ा पानी
जिसको पीकर
नाची रानी।

कितनी परियाँ

परियाँ चार
सबको बाँट रही
हैं प्यार।

Scanned with CamScanner

आइए! कुछ और उदाहरण देखें-

छोटी डिबिया	बड़ी मेज	कुछ फल	हरा पेड़	सुंदर गुड़िया
थोड़ा दूध	खट्टे नींबू	चार फूल	मीठा सेब	गर्म चाय

ऊपर दिए गए रंगीन शब्द चीजों के गुणों के बारे में बता रहे हैं। ये गुण इन वस्तुओं की विशेषताएँ है। विशेषता बताने वाले शब्द **विशेषण** कहलाते हैं।

जब हम संज्ञा या सर्वनाम आदि में से किसी की भी विशेषता बताते हैं, तो हम विशेषण शब्दों का प्रयोग करते हैं।

किसी संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता बताने वाले शब्द **विशेषण** कहलाते हैं।

हमने सीखा

- किसी संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता बताने वाले शब्द विशेषण कहलाते हैं।

अब बारी आपकी

वर्कशीट - 9

1. कौन कैसा है– सुनहरी, ठंडी, लाल, हरा, चमकते, पीला

ठंडी आइसक्रीम

हरा तोता

सुनहरी मछली

पीला आम

लाल टमाटर

चमकते तारे

Scanned with CamScanner

2. कौन कितने हैं– तीन, एक, पाँच, दो, चार, छह

......दो...... गिलास ......एक पतंग ......तीन...... मुर्गियाँ

......छह...... पैंसिलें ......पाँच गेंदें ......चार टॉफियाँ

3. रेखा खींचकर विशेषणों का उचित संज्ञाओं से मिलान कीजिए–

(क) बूढ़ी	अंगूर	
(ख) मीठे	कौआ	
(ग) खट्टे	नींबू	
(घ) काला	पत्ता	
(ङ) हरा	दादी	

आओ करके सीखें–

4. इस फ्रेम में अपने मम्मी या पापा का फोटो चिपकाइए व उनकी चार विशेषताएँ लिखिए–

1. ....
2. ....
3. ....
4. ....

खोजी-मनमौजी- अपनी अध्यापिका के लिए आप कौन-कौन से विशेषणों का प्रयोग करेंगे?

क.का. पाठ-१ कैसा कितना, ऐसा-इतना

1. विशेषण किसे कहते हैं ?

उत्तर- किसी संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता बताने वाले शब्द को विशेषण कहते हैं।

आइए ! कुछ उदाहरण देखें-

1.  लाल पतंग
2.  मीठे अंगूर
3.  चार गुब्बारे
4.  गर्म चाय

Scanned with CamScanner

5. चमकते तारे

6.  सुनहरी मछली

7. ठंडी आइसक्रीम

Scanned with CamScanner